तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024

12 भाजपा उम्मीदवार विजय की जीत के लिए उनकी पत्नी ...



11 सर्टिफिकेट में 40% से कम दिव्यांगता तो योजना का...





## खबर संक्षेप

### आज होने वाला ईवीएम का कमीशनिंग कार्य स्थगित

**बेमेतरा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिये ईवीएम का कमीशनिंग कार्य ज़िला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मण्डी बेमेतरा में शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से किया जाना था, जो कि स्थगित हो गया है। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07- दुर्ग में अभ्यर्थियों की संख्या 25 होने के कारण अतिरिक्त बैलेट यूनिट (बीयू) की आवश्यकता है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा ईवीएम के प्रथम व द्वितीय रेण्डमाईजेशन एवं कमीशनिंग की संशोधित तिथि जारी जाएगी। अपर कलेक्टर एवं उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने इसका सूचना पत्र जारी किया है।

### गायत्री परिवार का जिलास्तरीय प्रशिक्षण शिविर 1 मई से

**गुरूर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार बालोद द्वारा 5 दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन श्री राम जानकी गायत्री शक्तिपीठ गुरूर में 1 से 5 मई तक किया गया है। प्रशिक्षक टोली में कर्मकांड यज्ञाचार्य झम्मनलाल साहू, उद्बोधन वक्ता सह संयोजक प्रायुप्र छग चम्पेश्वर साहू, ढपली पूर्व प्रशिक्षक शांतिकुंज हरिद्वार चेमन लाल साहू, गायन युग गायक डॉ गोपाल साहू रहेंगे।

### घर के बाहर बैठी महिला के गले से चेन छीनकर भागा युवक

**बालोद।** जिले के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र में चेन स्नेचिंग का मामला सामने आया है। वन विभाग परिक्षेत्र कार्यालय में चौकीदार के पद पर कार्यरत महिला चंदर बाई कोसमा के गले से सोने की चेन को खींचकर एक अज्ञात युवक फरार हो गया। महिला ने डौंडीलोहारा थाना में शिकायत की है। वहीं, पुलिस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार महिला 21 अप्रैल को रात करीब 8 बजे अपने घर के बाहर बैठी थी। तभी एक अज्ञात लड़का महिला के पास अचानक आया और सिर को पकड़कर गले में पहने सोने की चेन खींचकर भाग निकला। चेन की कीमत लगभग 10,000 रूपए बताई जा रही है।

### कार्य में लापरवाही, 4 कर्मचारी निलंबित

**बालोद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए सामग्री वितरण–वापसी में लगाई गई ड्यूटी में लापरवाही करने वाले 4 कर्मचारियों को उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकान्त कौशिक ने निलंबित कर दिया है। अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13 (सीसी) एवं धारा 28 तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03के उपनियम (1) (2) (3) एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वगएँकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 (02) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है, निलंबन अवधि में उक्त शासकीय सेवक को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### दो युवकों ने ट्रेन से कटकर दी जान

**भिलाई।** अलग-अलग मामलों में दो युवकों ने ट्रेन से कटकर अपनी जान दी। मामले में जीआरपी ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। दोनों युवकों के शव रेलवे ट्रैक पुलिस ने बरामद किया है। पीएम कर शव को परिजनों को सौंपा गया। जीआरपी ने बताया मंगलवार को रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा मिला था। जिसका शिनाख्त वार्ड 40 छावनी निवासी शंभू उर्फ सोमनाथ पटेल के रूप में हुई। पेंटर का काम करता था। परिजनों के मुताबिक सोमवार मृतक के घर पर पूजा थी। उसी दिन अचानक शंभू गायब हुआ था। जानकारी मिलने पर रेलवे टैक पर पहुचे जहां उसकी लाश पड़ी मिली। बताया जा रहा है कि शंभू आर्थिक रूप से परेशान था। लेकिन परिजनों को कोई जानकारी नहीं दिया।

# निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कर्मी मतदाता सुविधा केंद्र में करेंगे मतदान, 2,595 ने दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा निर्वाचन- 2024 संसदीय क्षेत्र-7 दुर्ग की ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र में तैयारियों को जहां अंतिम रूप दिया जा रहा है, वहीं निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात अधिकारी व कर्मचारी एवं अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाता डाक मतपत्र से मतदान कर सकेंगे। चुनाव पूर्व सुविधा केंद्रों में आंशिक संशोधन किया गया है।

- सुविधा केंद्रों में विभिन्न निर्धारित तिथियों में कर सकेंगे मतदान

निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारी और अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के लिए 5 सुविधा केंद्र बनाये गये हैं, जहां वे डाक मतपत्र से मतदान कर सकेंगे। संशोधन के अनुसार अब व्हीएसटी, एसएसटी, एफ़एसटी, वेबकास्टिंग, सेक्टर अधिकारी एवं निर्वाचन कार्य में संलग्न कर्मचारी शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम कन्या विद्यालय और पीजी कॉलेज भवन बेमेतरा में 27,28 और 29 अप्रैल को मतदान कर सकते है। मतदान का समय प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक है। इसी प्रकार निर्वाचन ड्यूटी में लगे सुरक्षा बल,पुलिस,ड्राइवर, क्लीनर एवं अन्य ज़िला में पदस्थ कर्मचारी संयुक्त ज़िला कार्यालय भवन कक्ष क्रमांक 6 में डाक मतपत्र के माध्यम से 1 मई से 5 मई को मतदान कर सकते है।

## निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बनाए गए 5 सुविधा केंद्र

### इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट का किया गया वितरण

डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल डाक मतपत्र दिव्या पोटाई ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन ड्यूटी में तैनात 2595 अधिकारी -कर्मचारियों से आज तक आवेदन प्राप्त हुए है। निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारी ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट) फार्म वितरण किया गया है। इसके माध्यम से मतदान करेंगे। उन्होंने बताया कि पाँच सुविधा केंद्र बनाये गये है। इन सुविधा केंद्रों के लिए प्रभारी अधिकारी भी बनाये गये हैं।

### 10 से शाम 5 बजे तक मतदान

मतदान का समय प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक है। वहीं अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाता संयुक्त ज़िला कार्यालय भवन कक्ष क्रमांक 5 में 1, 2 और 3 मई को मतदान करेंगे। समय प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक है। इसके बाद भी अगर डाक मतपत्र से मतदान हेतु शेष बचे सुरक्षा बल,ड्राइवर,क्लीनर एवं अन्य कर्मचारी ज़िला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर (सामग्री वितरण स्थल) सुविधा केंद्र पर 6 मई को समय प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकेंगे।

### होम वोटिंग के लिए 26 आवेदन

श्रीमती पोटाई ने बताया कि होम वोटिंग के लिए 26 आवेदन प्राप्त हुए है, जिनमें 85 उम्र से अधिक 14 बुजुर्ग मतदाताओं से और 2 दिव्यांग मतदाताओं के आवेदन हैं। होम वोटिंग के लिए 27 अप्रैल को संबंधित मतदाताओं के के घर मतदान दल जायेंगे। उन्होंने बताया कि अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं में स्वास्थ्य विभाग से 7 और प्रिंट मीडिया के 3 मतदाताओं से डाक मतपत्र से मतदान करने आवेदन मिले है।

### चुनाव : तीसरे चरण में 7 मई को दुर्ग संसदीय क्षेत्र के लिए होगा मतदान

# घर-घर बांटी जा रही मतदाता पर्ची मतदान के लिए किया जा रहा प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण के आगामी मतदान के परिप्रेक्ष्य में मतदाताओं का उत्साह बढ़ाया जा रहा है। तृतीय चरण के तहत 7 मई को संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07-दुर्ग अन्तर्गत बेमेतरा ज़िले के तीनों विधान सभा क्षेत्रों में भी वोट डाले जाएंगे। जिला प्रशासन ने ज़िले के तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा और नवागढ़ में 7 मई को मतदान के लिए मतदाताओं के लिए मतदान पर्चियों का घर-घर जाकर वितरण किया जा रहा है।

- जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतदाता डालेंगे वोट

साथ ही खेत-खलिहान और श्रमिकों की जानकारी मिलने पर उनके कार्य स्थल पर जाकर भी मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। प्रशासन का मानना है कि इस कार्य से उत्साहित होने पर मतदाता सक्रियता दिखाएंगे और लोकतंत्र के महत्व को समझेंगे।



**चुनई तिहार का दिया जा रहा न्योता**

इसके साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान के तहत घर घर जाकर चुनाई तिहार के नेवता भी दिया जा रहा है। इसके अलावा नव विवाहिता, बुजुर्ग व नए मतदाताओं का सम्मान भी किया जा रहा है।

अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा इस चरण में उन्हें अपने मत का महत्व और प्रभाव समझाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सरकारी अधिकारी भी मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने के लिए सक्रिय हो रहे हैं।

मतदाता पर्ची का वितरण निर्वाचन प्रक्रिया के महत्वपूर्ण हिस्से को और समझाने में मदद कर रहा है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो नागरिकों को लोकतंत्र के उत्सव में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा है। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने भी ज़िले के मतदाताओं से 7 मई को मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र में आगामी 7 मई को सवेरे 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान वाले दिन बढ़चढ़ कर हिस्सा अपने मत का प्रयोग करें। अपने दोस्तों, परिजनों, परिचित सहित आस पड़ौस में भी लोगों को मतदान करने के लिए कहें। कलेक्टर श्री शर्मा ने ज़िले के 7 लाख मतदाताओं को मतदान करने पाती भी लिखी है।

# 183 मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा आम निर्वाचन के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारी सहित मतदान अधिकारी क्रमांक 01, क्रमांक 02 एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-03 जो विभिन्न कारणों, स्वास्थ्य गत कारणों से या नाम विलोपित होने से पहले दिये गये प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं थे, ऐसे 183 मतदान अधिकारी-कर्मचारियों को गुरुवार को पीज़ी कॉलेज बेमेतरा में जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण 12 मास्टर ट्रेनरों ने दिया।

- मास्टर ट्रेनरों ने मतदान अधिकारियों-कर्मचारियों को बताई बारीकियां

मास्टर ट्रेनर दिलीप सिंह ठाकुर, पीला राम साहू, गिरजा शंकर शर्मा, मनोज कुमार वर्मा, केआर निषाद, गौकरण पाटिल, शोमेश्वर देवांगन, घनश्याम मंडले,रामवतार वर्मा आदि द्वारा सभी मतदान अधिकारीयों को अपने-अपने स्तर से अधिकारियों को सैद्धांतिक प्रशिक्षण के साथ ही ईव्हीएम तथा वीवीपैट मशीन का हैंड्सऑन प्रशिक्षण दिया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स डीआर साहू,जितेन्द्र बारले,सुनील झा उपस्थित थे। साथ ही उन्हें मतदान प्रक्रिया, ईव्हीएम सिलिंग, मॉक पोल, विभिन्न सूचना प्रपत्र आदि की भी विस्तार से जानकारी दी गयी। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने भी प्रशिक्षण की गतिविधियां देखी। उन्होने सभी मतदान अधिकारियों को निर्वाचन से जुड़ी हर प्रक्रिया और प्रपत्र के बारे में गंभीरता से समझकर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुरूप कार्य करने की बात कही।

# धमतरी प्रभारी योगेश ने मोदी से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भाजपा नेता योगेश तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धमतरी आगमन पर, उनसे हेलीपेड में मुलाकात किया। इस दौरान भाजपा नेता ने प्रधानमंत्री को बेमेतरा जिला आने का न्योता दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा कि क्षेत्र की जनता आपसे मिलने के लिए लालयित है।

गौरतलब हो कि श्री तिवारी को धमतरी प्रभारी बनाया गया है। वे भाजपा प्रत्याशी को जीतने के लिए जी जान से जुट गए हैं। भाजपा किसान नेता एवं धमतरी प्रभारी श्री तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के लोगों से विधानसभा चुनाव के पहले जो भी कार्य करने का गारंटी का वादा किया था, वो सभी वादे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने पूरे किए। उन्होंने ने दावा किया है कि मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन ऐसा है कि छत्तीसगढ़ में हम पूरी की पूरी 11 लोकसभा सीट जीतने जा रहे हैं।

# बच्चों ने समर कैम्प में मिट्टी से बनाई कलाकृतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

गुरुवार को समर क्लास की शुरुआत बाल गीत सारी दुनियां गोल-गोल से हुई । बच्चों ने इस गीत के माध्यम से गोल आकृति (सर्कल) की अवधारणा को समझा। उसके बाद शाला में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन साजा से चेतन कामले का आगमन हुआ। उन्होंने बच्चों के साथ सामूहिक चर्चा की और पिछले दिनों के किये गये कार्यों का अवलोकन किया। बच्चों को पुस्तक पढ़वाया एवं प्रश्न किये, समझ के साथ पढ़ने के लिए बच्चों को दिशा निर्देश दिए। समर क्लास में उपस्थित सभी बच्चों को उनके कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया। भाषायी कौशल विकास के लिए पेड़ का शब्द जाल बनाया गया, जिससे बच्चों ने पेड़ से जुड़े शब्द बताए और उन्हें एक टीएलएम का रूप दे दिया। आर्ट और क्राफ्ट के तहत मिट्टी से मूर्ति और खिलौने बनाये।



# एसपी ने किया चेक पोस्ट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले के पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना साजा एवं परपोडी क्षेत्रांतर्गत स्थित बिरनपुर एवं कुरूलु चौक परपोडी, एसएसटी नाका व चेक पोस्ट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने तैनात अधिकारियों एवं पुलिस जवानों को हमेश सर्तक व सुरक्षित डयूटी करने तथा सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने जिलों के सीमाओं में प्रवेश करने वाले वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग करने व हमेशा सतर्क एवं सुरक्षित डयूटी करने के संबंध में हिदायत तथा सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण आवश्यक निर्देश दिये एवं आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान थाना साजा प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू, थाना परपोडी प्रभारी उप निरीक्षक ओंकार प्रसाद साहू, उप निरीक्षक जयराम गंगवेर, सउनि भलेतिनुस पन्ना सहित अन्य उपस्थित रहे।

## गुनरबोड़ में हुआ मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में गुरुवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नए मतदाता एवं महिला मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। नए मतदाताओं को प्रथम बार मत देकर समाज के जिम्मेदार मतदाता बनने को कहा गया। साथ ही महिलाओं को संबोधित करते हुए शिक्षिका विधि शर्मा ने कहा कि सभी को निर्धारित तिथि को मतदान करना है। साथ ही अपने घर के सभी सदस्यों को एवं पास पड़ोस के लोगों को भी मतदान करवाना है। शर्मा ने कहा कि सभी को संकल्प लेना है एवं राष्ट्रीय कार्यक्रम में सहयोग कर सफल बनाकर अपनी जिम्मेदारी निभानी है। कार्यक्रम में बीएलओ इंद्राणी सोनवानी, धरमराज, व्यास, मधु, उर्मिला, पंचवती, विशाल, रूखमणी अन्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



### स्वास्थ्य विभाग ने मनाया विश्व मलेरिया दिवस, लोगों को दी गई जानकारी

# मच्छर है मलेरिया का कारण, शासकीय अस्पतालों में होता है नि:शुल्क इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

गुरवार को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस वर्ष इसका आयोजन थीम अधिक न्याय संगत विश्व के लिए मलेरिया के खिलाफ लडाई में तेजी लाना पर आधारित रहा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, जिला चिकित्सालय, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य मलेरिया जैसे जानलेवा बीमारी के नियंत्रण रोकथाम व उपचार के संबंध में जनजागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतराम चुरेन्द्र व जिला नोडल अधिकारी एवं सह-जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं अधिकारी व सह-जिला स्वास्थ्य अधिकारी बजारे, व्हीबीडी पर्यवेक्षक गुलाबचंद साहू आदि उपस्थित हुए।




### डॉ चुरेंद्र ने बताए कारण और लक्षण

डॉ चुरेन्द्र ने बताया कि मलेरिया बीमारी संक्रमित मच्छर के काटने से फैलता है। मलेरिया बीमारी के प्रमुख लक्षण तेज बुखार, बदन दर्द, सिर दर्द, उल्टी इत्यादि है, इन लक्षणों से पीड़ित मरीजों का तत्काल जांच कर समुचित ईलाज दिया जाना चाहिये, जो कि सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में निःशुल्क उपलब्ध है। साथ ही मच्छर एवं लार्वा स्रोत नियंत्रण गतिविधि के अंतर्गत जमे हुए पानी में मिट्टी का तेल एवं जला हुआ मोबिल ऑयल डालें, सामान्य मच्छरदानी को कीटनाशक से उपचारित कर उपयोग में लाएं।

हरिभूमि

## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# पीपीसी अध्यक्ष बैज पहुंचे रायपुर रेलवे स्टेशन, यात्रियों ने बताया लेट-लतीफी का दर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बुधवार को रेलवे स्टेशन में यात्रियों से मिलकर उनकी परेशानियों को जाना। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में ट्रेनों की लेटलतीफी और रद्द होने को बड़ा मुद्दा बनाते हुए भाजपा को घेरने की कोशिश की है।

रेलवे स्टेशन पहुंचकर यात्रियों से मिलकर उनकी परेशानियों के बारे जानकारी ली। संवाददाताओं से चर्चा में दीपक बैज ने कहा, गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। शादी-ब्याह का सीजन है, लोग महीनों पहले टिकट बुक करवा कर रखे हैं, लेकिन ऐन यात्रा के दिन ट्रेनों के रद्द होने का फरमान जारी होने से परेशान हैं। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में ये स्थिति आज से नहीं, बल्कि पिछले तीन सालों से चल रही है। भाजपा सरकार और उनके नेताओं ने इस पर एक शब्द भी नहीं बोला। यह मोदी सरकार की तानाशाही और छत्तीसगढ़ विरोधी रवैया पिछले 3 साल से अधिक समय से चल रहा है। छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 62000 ट्रेनों को बिना किसी ठोस कारण के रद्द किया गया। उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने का मतलब यात्री ट्रेनों को बंद करने के षड़यंत्र करने का समर्थन करना होगा। रेलवे को बचाने के लिए आवश्यक है कि देश से मोदी सरकार की विदाई की जाए।

### मुनाफाखोरी के चक्कर में कई सुविधाएं बंद



देश की आजादी के बाद ऐसी स्थिति केवल मोदी सरकार में आई है, जहां रेलवे की यात्री सुविधाएं इतनी ज्यादा खस्ताहाल हो गयी हैं। मोदी सरकार के पहले की केंद्र सरकारें घाटा उठाकर भी रेलवे सुविधाओं का विस्तार करती रही। बुजुर्गों, छात्रों, बच्चों, विकलांगों को मिलने वाली सुविधा को मोदी सरकार ने मुनाफाखोरी के चक्कर में बंद कर दिया है।

**4 माह पहले कराया था रिजर्वेशन, स्टेशन पहुंचा तो ट्रेन रद्द**

रेलवे स्टेशन में आन्ध्रा की यात्रा करने के लिये पहुंची पांच महिलाओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को बताया कि वे पिछले पांच घंटे से स्टेशन में बैठी हैं, ट्रेन का अभी कोई ठिकाना नहीं है कब आयेगी। एक अन्य यात्री जो अपने परिवार के साथ यात्रा करने आये थे, उन्होंने बताया कि 4 महीना पहले सिकंदराबाद जाने रिजर्वेशन करवाया था, स्टेशन पहुंचने पर पता चला कि ट्रेन रद्द हो गयी है। इसी प्रकार टिटलागढ़ जाने वाले एक यात्री ने बताया कि उनकी ट्रेन पिछले 4 घंटे से देर की सूचना मिल रही है, लेकिन ट्रेन कब तक आयेगी कुछ कह नहीं सकते।

## खबर संक्षेप



### प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री निष्कासित

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के बीच एक बार फिर कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश संयुक्त महामंत्री राघवेंद्र सिंह ठाकुर को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेश अनुसार राघवेंद्र सिंह ठाकुर को लोकसभा चुनाव में पार्टी संगठन के खिलाफ काम करने पर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है।

### कांग्रेस प्रवक्ता भिड़े वीडियो वायरल

**रायपुर।** प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के रायपुर रेलवे स्टेशन में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कांग्रेस के दो प्रवक्ता आपस में भिड़ गए। कैमरे में आने को लेकर प्रदेश संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला और विकास तिवारी के बीच विवाद की स्थिति बताई जाती है, इसका वीडियो वायरल हो रहा है। दोनों नेताओं ने ऐसी किसी घटना से इनकार किया है।

### शाह 26 को बेमेतरा, राहुल 29 को बिलासपुर आएंगे

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण का प्रचार थमने के बाद राजनीतिक दल तीसरे चरण की तैयारी में जुट गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगे। इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह बेमेतरा जाएंगे और चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वे दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में प्रचार करते हुए सभा को संबोधित करेंगे।

तीसरे चरण के प्रचार के लिए कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी 29 अप्रैल को बिलासपुर आ रहे हैं। सकरी स्थित सिंचाई कॉलोनी मैदान में उनकी आमसभा होगी। पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी तैयारी में जुट गए हैं। यहां कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।

### नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान करने का दिया संदेश



**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह द्वारा जिले के कम मतदान वाले विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम लोगों को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है तथा लोगों से 100 प्रतिशत मतदान करने की अपील की जा रही है। सोच-समझकर बटन दबाने, सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करने का संदेश नाटक के माध्यम से दिया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को नगर निगम रायपुर जोन 4 के कटोरा तालाब में चौपटी, चंदानी गार्ड, फ़नफ़ेस्टो कांप्लेक्स शैलेंद्र नगर, नेताजी चौक एवं बालगोपाल हॉस्पिटल चौक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही रायपुर लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों में स्वीप एक्सप्रेस द्वारा समानांतर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहे हैं।

### मतदान करने के लिए नागरिकों को दिलाई शपथ



**रायपुर।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विधानसभा आरंग अंतर्गत नगर पंचायत समोदा में बुधवार को रैली निकाली गई। साथ ही दीपदान, आकाशदीप के साथ ही नागरिकों को बैच लगाकर मतदाता शपथ दिलाकर शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। इस अवसर पर ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की उपस्थित रहे।

## बीमारी का खतरा बढ़ा, 15 जून से पहले सभी नलकूप का केमिकल ट्रीटमेंट का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में गरमी के मौसम में दूषित पेयजल की वजह से बीमारी का बढ़ा खतरा भांपकर सरकार ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत को आदेश दिया है कि 15 जून के पहले सभी नलकूप स्त्रोतों का केमिकल ट्रीटमेंट करें।



नगरीय निकायों से ये भी कहा गया है कि वे वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के फिल्टर बेड का मेंटिनेंस करें और शहरों में बनी उच्च स्तरीय टंकियों की सफाई करें। राजधानी रायपुर के लभांडी क्षेत्र में हाल ही में पीने के पानी में गंदगी की वजह से बड़ी संख्या में लोग बीमार हुए थे, कई लोगों को डायरिया भी हुआ था। इसकी वजह से बड़ी संख्या में लोगों को परेशानी उठानी पड़ी थी। इस तरह की हालत दूसरे शहरों में भी न फैले, इसके लिए सावधानी रखी जा रही है। राज्य सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने भी इस संबंध में नगरीय निकायों के लिए पत्र जारी किया था।

### अब करनी होगी ये तैयारी

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालनालय ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के प्रमुखों को निर्देश भेजा है। कहा गया है कि 15 जून के पहले सभी नलकूप स्रोतों का क्लोरीन, सोडियम हाईपोक्लोराइड डाल कर शुद्धिकरण किया जाए। नगरीय निकायों में स्थापित और संचालित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के फिल्टर बेड का संधारण तथा शहर में निर्मित एवं संचालित उच्च स्तरीय टंकियों की सफाई करें।

## बयान : इंडिया गठबंधन कांग्रेस के प्रचार में उतरी

# यह भारत के भविष्य का चुनाव संविधान बचाने का सवाल सबसे ऊपर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी के लिए इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने कमर कस ली है। इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं ने संयुक्त रूप से संवाददाताओं से चर्चा में कहा, यह चुनाव भारत के भविष्य का चुनाव है। भाजपा 2024 का चुनाव जीतने के बाद देश के संविधान को बदलने की बात कह रही है।

देश में जहां गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई तो चरम पर है ही, देश के लोकतंत्र, भाईचारा, सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के बुनियादी मूल्य जिस संविधान से निकले हैं, उसे बचाने का सवाल भी सबसे ऊपर है। कांग्रेस भवन में संवाददाताओं से चर्चा में सीपीआई एम के राज्य सचिव मंडल सदस्य धर्मराज महापात्रा ने कहा, इंडिया गठबंधन में शामिल दल एक मंच पर आकर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के लिए प्रचार करेगा। उन्होंने कहा, पिछले 10 सालों में भाजपा की सरकार ने जो वादे आम जनता से किए थे। उन वादों को पूरा करने में असफल रही भ्रष्टाचार को खत्म कहने की बात करने वाली मोदी सरकार ने इलेक्टोरल बांड के माध्यम से सबसे बड़ा घोटाला किया। जिन लोगों पर उन्होंने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया, उनको ही अपनी पार्टी में शामिल किया। भाजपा स्वायत्त संस्थाओं को खत्म करने की साजिश कर रही है।

### विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास : सूरज

आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता सूरज उपाध्याय ने भाजपा सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, यह सरकार चुने हुए मुख्यमंत्री को जेल में डाल रही है। संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करके विपक्ष के नेताओं की आवाज को दबाने का कार्य कर रही है।

### आस्था का फायदा लेकर सत्ता हासिल करने का प्रयास : नवीन

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा, पीएम मोदी शब्द बाण के महागुरू हैं। मोदी सरकार ने आम लोगों की आस्था के नाम पर



अपनी राजनीतिक रोटी सेंकी है। देश में लगातार महंगाई दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। पेट्रोल डीजल खाद्य पदार्थों के दाम आसमान छू रहे हैं। 100 दिनों में महंगाई कम करने की बात कहने वाली मोदी सरकार आज हर मोर्चे पर नाकाम नजर आ रही है। उन्होंने कहा, जिन कारपोरेट लोगों को आगे लाने उनके ऋणों में छूट दिया गई है, उसे गठबंधन की सरकार आने पर वापस लेने का कानून बनाने पर विचार किया जाए।

## कम्यूनिटी हॉल कैंपस में ही अब मिलेगी किचन की सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव निगम सीमा में 2011 में बनवाए गए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कम्यूनिटी हॉल का प्रतिदिन का 6500 रुपए देने के बाद भी लोगों को खाना पकाने के लिए कैंपस में पंडाल लगाना पड़ता था। इससे भवन बुक कराने वाले परिवारों को हजार-दो हजार रुपए खर्च बढ़ जाता था। इससे राहत देने के लिए महापौर निधी का उपयोग करते हुए 6 लाख में शेडयुक्त किचन का निर्माण करवाने से लोगों को बुकिंग दर पर ही किचन की सुविधा भी मिलेगी।

निगम कार्यालय से 100 मीटर की दूरी पर बनवाए गए कम्युनिटी हॉल में विगत 12 साल से लोगों को भवन बुक करान के बाद भी किचन की सुविधा नहीं दी जाती थी। ओपन स्पेस में खाना पकाने से व्यवस्थागत दिक्कतें होती थी। इससे बचने के लिए लोग कैंपस में ही पंडाल लगाते थे। इसका किराया भी बुकिंग कराने वालों को ही देना पड़ता था। इसके बाद भी बारिश होने की स्थिति में लोगों को परेशानी के साथ ही नुकसान भी होता था। एमआईसी मेंबर इकराम अहमद ने बताया लोगों की इस शिकायत को देखते हुए महापौर नंदलाल देवांगन महापौर निधी को खर्च करते हुए जनहित में 6 लाख में टाइल्स व शेडयुक्त किचन बनवाया है। बुकिंग के लिए आने वाले लोगों को अब 6500 में ही किचन की सुविधा देने की तैयारी है।

## घर-घर मतदाता पर्ची वितरण शुरू, राज्यपाल सहित वरिष्ठ अधिकारियों को भी बांटी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव के लिए रायपुर जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में 7 मई को मतदान होना है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण से लेकर अन्य चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं।

इस कड़ी में मतदाताओं को घर-घर मतदाता पर्ची वितरण का कार्य भी शुरू किया गया है। मतदाता पर्ची वितरण कार्य के लिए सेक्टर अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है, जो बीएलओ के माध्यम से घर-घर मतदाता पर्ची पहुंचाने का कार्य करा रहे हैं। इसके तहत बुधवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने राज्यपाल, मुख्य सचिव सहित अन्य वरिष्ठ अफसरों को भी मतदाता पर्ची का वितरण किया।

### कलेक्टर ने की समीक्षा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. गौरव सिंह ने बुधवार को कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर मतदाता पर्ची वितरण कार्य की समीक्षा की। कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि मतदाता पर्ची वितरण कार्य गंभीरता से कराएं और इसकी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने निर्धारित समय-सीमा के भीतर मतदाता पर्ची का वितरण करने के निर्देश दिए।



### राज्यपाल को मतदान पर्ची का वितरण

मतदाता पर्ची वितरण के दौरान जिला प्रशासनिक अधिकारियों ने राजभवन में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन व प्रथम महिला सुप्रभा हरिचंदन को मतदाता पर्ची का वितरण किया, साथ ही मतदान करने का आग्रह किया। मतदाता पर्ची का वितरण अतिरिक्त कलेक्टर निधि साहू व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नंदकुमार चौबे ने किया।

### मुख्य सचिव सहित वरिष्ठ अफसरों को बांटी गई मतदाता पर्ची

मतदाता पर्ची वितरण के दौरान जिला प्रशासनिक अधिकारियों ने राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश समेत अन्य अधिकारियों को मतदाता पर्ची का वितरण उनके निवास में जाकर किया।

## खरीफ सीजन के लिए यूरिया-डीएपी का भंडारण लक्ष्य से बहुत कम, होगी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में कृषि विभाग ने किसानों की डिमांड के अनुसार खरीफ सीजन के लिए यूरिया, डीएपी, एमओपी, एसएसपी एवं एनपीके के भंडारण का लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य की तुलना में एमओपी, एसएसपी और एनपीके का भंडारण की मात्रा का प्रतिशत अच्छा है, लेकिन यूरिया और डीएपी का भंडारण लक्ष्य की तुलना में बहुत कम है, जिससे कारण किसानों को खाद की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इधर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि खरीफ की फसल लगाने में अभी समय है, तब तक लक्ष्य के अनुरूप भंडारण कर लिया जाएगा।



### यूरिया का 32400 मीट्रिक टन लक्ष्य की तुलना में 22492 मी. टन का भंडारण

कृषि विभाग ने पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 32400 मीट्रिक टन यूरिया का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य की तुलना में विभाग ने अब तक 22492 मीट्रिक टन यूरिया का भंडारण कर पाया है, जबकि अब तक 111 मीट्रिक टन का वितरण किया जा चुका है।

**डीएपी का 21800 मी. टन लक्ष्य , भंडारण 5180 मी.टन**

विभाग ने खरीफ में डीएपी का लक्ष्य 21800 मीट्रिक टन रखा गया है, जो यूरिया के लक्ष्य से 10600 मीट्रिक टन कम है। डीएपी का लक्ष्य कम होने के बावजूद अब तक 5180 मीट्रिक टन का भंडारण किया गया है। हालांकि भंडारण की तुलना में डीएपी का वितरण सिर्फ 26 मीट्रिक टन हुआ है।

**एसएसपी, एमओपी व एनपीके खाद का लक्ष्य से ज्यादा भंडारण**

विभाग भले ही यूरिया और डीएपी के भंडारण में लक्ष्य से काफी पीछे है, लेकिन एसएसपी, एमओपी एवं एनपीके खाद का भंडारण लक्ष्य से ज्यादा किया है। एसएपी का 5000 मीट्रिक टन और एमओपी का 3700 मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है, जिसके एवज में एसएसपी 8243 व एमओपी 6755 मीट्रिक टन का भंडारण किया जा चुका है।

### मिलावटी खाद बिक्री की आशंका

जिले में कृषि विभाग द्वारा यूरिया एवं डीएपी खाद का मांग के अनुसार पर्याप्त भंडारण नहीं होने के कारण मिलावटी खाद की बिक्री बढ़ने की आशंका बनी रहेगी। जिले में इससे पहले मिलावटी खाद बिक्री के कई मामले सामने भी आ चुके हैं। कुछ महीने पहले ही सेजबहार में मिलावटी खाद बेचने वाले एक लाइसेंसी खाद बिक्री विक्रेता के गोदाम और घर पर विभागीय टीम ने छापा भी मारा था, जहां से मिलावटी खाद के सैकड़ों बोरों के साथ भारी मात्रा में प्रतिबंधित कीटनाशक दवाइयां भी बरामद की गई थी। इस व्यवसायी के विरुद्ध थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है, लेकिन अब तक उसकी गिरफ्तार नहीं हो पाई है।

### मांग के अनुसार खाद का भंडारण

खरीफ फसलों के लिए किसान परेशान न हो, इसलिए खाद का पर्याप्त भंडारण किया जा रहा है। जिन खादों का भंडारण लक्ष्य से कम हुआ है, आगामी महीने तक पूरा कर लिया जाएगा।

- राजेंद्र कश्यप
उप संचालक, कृषि विभाग रायपुर

## चुनाव में न हो कोई चूक, पीठासीन व मतदान अधिकारी ले रहे एक्स्ट्रा ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव के लिए पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों को मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण कैंप के जरिए चुनाव संबंधी कार्यो का प्रशिक्षण दिया गया है। इस प्रशिक्षण के बाद भी पीठासीन सहित मतदान दलों के कई अधिकारी चुनाव कार्यों की बारीकी समझ नहीं पाये हैं।

चुनाव के दौरान उनसे कोई चूक न हो, इसके लिए जिला पंचायत रायपुर कार्यालय के मीटिंग कक्ष को एक्स्ट्रा ट्रेनिंग सेंटर बनाया गया है, जहां प्रतिदिन कोई न कोई अधिकारी पहुंचकर मास्टर ट्रेनर से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। इस सेंटर में मतदान दलों के इच्छुक अधिकारी अपना प्रथम प्रशिक्षण का आदेश दिखाकर दोबारा प्रशिक्षण ले रहा है। प्रशिक्षण के लिए ट्रेनिंग सेंटर में नोडल अधिकारी व अपर कलेक्टर उज्जवल पोरवाल ने 5 मास्टर ट्रेनरों को जिम्मेदारी सौंपी है। इसमें विजय देवांगन, अरुण कुमार साहू, देवचरण राजपूत, तारकेश्वर साहू एवं रविकुमार वर्मा शामिल हैं। ये सभी मास्टर ट्रेनर रविवार को छोड़कर अन्य दिनों में सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक सेंटर में प्रशिक्षण देने के लिए उपस्थित रहते हैं। बताया जा रहा है कि इस सेंटर में अब तक कई पीठासीन सहित बड़ी संख्या में पी1, पी2 व पी3 के अधिकारी पहुंच चुके हैं, जो मतदान केंद्रों में मतदान के दौरान चुनाव की बारीकियों को समझते हुए दोबारा चुनाव कार्यों का प्रशिक्षण लिए हैं।



## केंद्र के पत्र से सरकार आई हरकत में, एससी एसटी, ओबीसी प्रमाणपत्र बनाने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र सरकार के कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय का एक पत्र मिलने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार हरकत में आई है। दरअसल केंद्र के पत्र में कहा गया है कि कतिपय राज्यों द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों के जाति प्रमाणपत्र, आय, संपत्ति प्रमाणपत्र जारी किए जाने के संबंध में केंद्र सरकार द्वारा समय समय पर जारी निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है।

इस मामले को लेकर अब छत्तीसगढ़ सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, प्रदेश के सभी कलेक्टरों, और एनआईसी के वरिष्ठ सूचना अधिकारी को निर्देश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने कहा कि भारत सरकार कार्मिक लोक शिकाय तथा पेंशन मंत्रालय ने 15 मार्च को जारी पत्र में कहा कि भारत सरकार के निर्देश का पालन नहीं किया जा रहा है।



### सरकार ने निकाला निर्देशों का पिटारा

*राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रमाण पत्रों के मामले में जारी सभी निर्देशों के बारे में जानकारी सामने रखी है। इसमें बताया गया है कि सामान्य प्रशासन विभाग ने 2013 अगस्त, 2013 सितंबर, अप्रैल 2019, मई 2019 में इस संबंध में परिपत्र और निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों से कहा गया है कि इन सभी निर्देशों से परिपत्र आपके विभाग, कार्यालय, जिलों की वेबसाइट पर तत्काल जारी करें। सामान्य प्रशासन विभाग ने भी अपनी वेबसाइट में इन सभी परिपत्रों को जारी किया है।*

## खबर संक्षेप



### स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की समीक्षा

**रायपुर।** रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक अविनाश मिश्रा ने बुधवार को समीक्षा बैठक लेकर स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली।उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माणाधीन कार्यों का निरंतर पर्यवेक्षण करें, एवं जून माह से पहले सभी प्रोजेक्ट पूर्ण कर लिया जाए। रायपुर स्मार्ट सिटी कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित इस बैठक में उन्होंने मुख्य रुप से अंडरग्राउंड केबलिंग, 24 घंटे जलापूर्ति योजना,शास्त्री बाजार, मटन मार्केट, महाराजबंध,नरैया व खो-खो तालाब में निर्माणाधीन एसटीपी सहित अन्य प्रोजेक्ट के प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। श्री मिश्रा ने संबंधित प्रोजेक्ट को जून माह की तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक पी.के. पंचायती, उप-महाप्रबंधक वित्त अमित शर्मा, डिप्टी मैनेजर अमित मिश्रा, मैनेजर जी.आई.एस. रंजीत रंजन,असिस्टेंट मैनेजर शुभम तिवारी, नेहा पटेल,योगेंद्र साहू सहित स्मार्ट सिटी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### अनियमितता की शिकायत लिपिक मुख्यालय अटैच


**रायपुर।** नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने अनियमितता की शिकायत के बाद जोन 9 के लिपिक को मुख्यालय में अटैच कर दिया है। उसके खिलाफ जांच भी बैठा दी गई है। जोन 9 में पदस्थ एक लिपिक पर नामांतरण के नाम रिश्वत की मांग संबंधी शिकायत मिलने पर संबंधित लिपिक को जोन 9 से हटाकर निगम मुख्यालय के सचिवालय में अटैच करने निर्देश दिये गये हैं, ताकि जांच प्रभावित ना हो। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित लिपिक पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भाड़े का पैसा मांगने पर मारपीट

**रायपुर।** भाड़े का पैसा मांगने की बात पर विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 22 अप्रैल की शाम 5 बजे अनवर गैरेज नंदनवन रोड के पास की है। प्रार्थी भूरा कुमार ने आमानाका थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने आरोपी गौरी सरदार से भाड़े के पैसे मांगे। इस पर विवाद करते हुए गौरी ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस ने मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 294, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## निधन

### एएम रवानी



**बेमेतरा।** गुरुवार को बेमेतरा निवासी एएम रवानी का 84 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। वे काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय कब्रिस्तान में किया गया। वे समाजसेवी वाहिद रवानी एवं पत्रकार अमीन रवानी के पिता थे।

# बघवा तालाब में बनेगा पाथवे और उद्यान, बरसात के पहले होगा काम पूरा

**35 एकड़ में फैला तालाब, गहरीकरण सौंदर्यीकरण के लिए 2.50 करोड़ रुपये का टेंडर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुरा

रायपुरा के बघवा तालाब के पास पाथवे और उद्यान बनेगा। तालाब की सफाई गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए नगर निगम ने 2.50 करोड़ रुपये का टेंडर कर गहरीकरण का कार्य शुरू कराया है। तालाब की सफाई के दौरान भारी मात्रा में गोबर और गंदगी बाहर निकाली जा रही है। इसके साथ ही तालाब को सुरक्षित रखने बाउंड्रीवॉल बनाया गया है। नगर निगम जोन 8 के माधवराव सप्रे वार्ड स्थित रायपुरा के बघवा तालाब की ढाई दशक बाद नगर निगम ने सुध ली है। तालाब की सफाई और गहरीकरण कर बारिश से पहले इसमें साफ पानी भरा जायेगा। । बुधवार को नगर निगम के कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा और उप अभियंता अर्जिता दीवान ने स्पॉट पर जाकर वहां चल रहे कार्यों का जायजा लिया। श्री शर्मा ने बताया कि तालाब के चारों ओर पाथवे बनाने के साथ ही सुंदर बगीचा बनाया जायेगा। इसमें लोगों के फिटनेस को ध्यान में रखकर एक्सरसाइज करने विभिन्न मशीनें लगायी जायेंगी। योग करने वालों के लिये अलग से योगा जोन, जुम्बा डांस करने वालों के अलग स्पेस और बच्चों के लिए आकर्षक गेम्स की सुविधा नये उद्यान में उपलब्ध कराई जायेगी। यही नहीं, सीनियर सिटीजन के लिए वेटिंग हॉल बनाया जायेगा। श्री शर्मा ने बताया, तालाब सफाई और गहरीकरण का कार्य बरसात से पहले पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके लिए अनुबंधित ठेकेदार को हिदायत दी गई है।



### निस्तारी के रूप में सालों से उपयोग

रायपुरा की आधी बस्ती सहित यादव पारा के लोग बघवा तालाब का एक अरसे से निस्तारी के लिये उपयोग करते आ रहे हैं। तालाब में आसपास की डेयरी के मवेशी जाने से पानी के भीतर भारी मात्रा में गोबर और गंदगी जमा है। इसे मशीन लगाकर तालाब से बाहर निकाला जा रहा है। पिछले 6 माह से तालाब की सफाई और गहरीकरण का काम कराया जा रहा है। इसकी मानिटरिंग निगम मुख्यालय से की जा रही है।

## जिले में 18091 हितग्राहियों को भी साढ़े 6 साल में नहीं दे पाए आईडी इसलिए ऐसा हाल


# सर्टिफिकेट में 40% से कम दिव्यांगता तो योजना का लाभ नहीं, 4273 लोगों को यूडीआईडी भी नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सर्टिफिकेट में 40 प्रतिशत या इससे कम दिव्यांगता वाले हितग्राहियों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजना का लाभ भी नहीं मिल रहा है। अब रेल यात्रा में आरक्षण का लाभ भी तभी मिलेगा, जब केन्द्र सरकारी द्वारा जारी यूडीआईडी कार्ड होगा। सर्टिफिकेट देने पर भी दिव्यांग को योजना का कोई लाभ नहीं मिलता। जिले में 4273 हितग्राही ऐसे हैं, जिन्हें यूडीआईडी कार्ड भी जिम्मेदार नहीं दे पाए हैं। समाज कल्याण विभाग ऐसे दिव्यांगों को 12 डिजिट वाले नंबर के रूप में देश में विशेष पहचान दिलाने की कवायद 2017 से कर रहा रहा है। इसके लिए जिला कार्यालयों के माध्यम से पहल की जा रही है। इसके बाद भी साढ़े 6 साल में 13 हजार 818 लोगों को ही सर्टिफिकेट के आधार पर यूडीआईडी कार्ड केंद्र सरकार द्वारा तय की गई एजेंसी ने बनाकर दिया है। इसकी जानकारी विभाग से लेने पर पता चला कि अभी तक 13 हजार 818 लोगों ने ही यूडीआईडी के लिए ऑनलाइन प्रोसेस किया है, जबकि 2011 में हुए सर्वे में ही रायपुर जिले में 18091 लोगों को दिव्यांगता सर्टिफिकेट जारी किया गया। यानी 4273 हितग्राही अभी भी जिले में उपेक्षा का शिकार हैं। यूडीआईडी के लिए प्रक्रिया करने वाले करीब 100 से ज्यादा हितग्राही को अभी तक विशेष पहचान नहीं मिली है। ऐसे लोग सर्टिफिकेट के आधार पर राशन, पेंशन, रेल यात्रा ही नहीं सरकारी नौकरी के लिए भी दिव्यांगता के आधार पर पात्रता नहीं रखते।

### ऐसे करें यूडीआईडी पाने प्रोसेस

जिन लोगों ने अभी तक 40 प्रतिशत से अधिक का दिव्यांगता सर्टिफिकेट होने के बाद भी यूडीआईडी नहीं बनवाया है, ऐसे दिव्यांग समाज कल्याण विभाग में अर्जी लगा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड, दिव्यांगता को प्रमाणित करने के लिए चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी सर्टिफिकेट, पासपोर्ट साइज एक फोटो के साथ कलेक्टोरेट स्थित विभाग के कार्यालय जा सकते हैं। वहां उन्हें ऑनलाइन प्रोसेस की सुविधा दी जाती है। यहां रजिस्ट्रेशन के बाद हितग्राही द्वारा दिए गए पते पर यूडीआईडी की डाकिया द्वारा घर पहुंच सेवा विगत साढ़े 6 साल से दी जा रही है।



### लाभ लेने यूडीआईडी जरूरी

पुराने रिकार्ड में 18 हजार से ज्यादा दिव्यांग हैं। इनमें जिनकी दिव्यांगता 40 फीसदी से कम है, वे यूडीआईडी के लिए पात्र नहीं हैं। देश के हर जिले से आवेदन एक ही एजेंसी को जाता है। इससे कार्ड बनने में समय लगता है। सरकार की किसी भी योजना का लाभ लेने कार्ड जरूरी है।

- **नदीम काजी,** उप संचालक, समाज कल्याण विभाग, रायपुर

### दिव्यांगता के प्रकार भी बढ़े ..

*केंद्र सरकार द्वारा जिस एजेंसी से अभी सर्वे कराया जा रहा है। उसमें दिव्यांगता के प्रकार बढ़ा दिए गए हैं, लेकिन दिव्यांगता का प्रतिशत 40 फीसदी से ज्यादा होने पर ही पात्रता दी जा रही है। इसमें ऐसे लोग पात्र नहीं होंगे, जिनकी दिव्यांगता सर्टिफिकेट में मेडिकल आफिसर ने 40 प्रतिशत से कम दर्ज किया है। ऐसे लोगों को दिव्यांगता के आधार पर यूडीआईडी कार्ड के रूप में नई पहचान भी नहीं मिलेगी। इनको शासन द्वारा तय किए गए पैमाने में दिव्यांग भी नहीं माना गया है। इससे योजनाओं का लाभ भी नहीं देने का प्रावधान किया गया है।*

### सर्वे रिपोर्ट में भी बढ़ेंगे हितग्राही

*सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी द्वारा अभी हर जिले में दिव्यांगों का सर्वे किया जा रहा है। उनसे मिलने वाले रिपोर्ट के आधार पर नया डाटा जिलेवार तैयार होगा। इसके आधार पर जिस क्षेत्र में दिव्यांग ज्यादा होंगे, उस क्षेत्र में विभाग द्वारा शिविर आयोजित किया जाएगा। जिन लोगों का मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं है, उनका मेडिकल आफिसर द्वारा प्रमाणपत्र बनाने के बाद यूडीआईडी के लिए तुरंत ऑनलाइन प्रोसेस भी किया जाना है। विभाग को सर्वे के बाद जिले में दिव्यांग हितग्राही ज्यादा मिलने की उम्मीद है, चूंकि 13 साल से सर्वे भी नहीं हुआ है।*

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुरा

स्पर्श सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थान द्वारा प्रदेश में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में संस्था द्वारा गुढ़ियारी, संतोषी नगर, कुशालपुर एवं चांगोराभाठा के कई बस्तियों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि, यह एक सुनहरा अवसर है इस लोकसभा चुनाव में घरों से निकलकर वोट करें लोकतंत्र के लिए यह आवश्यक है। जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान। उन्होंने नए और युवा वोटर्स से खास अपील करते हुए कहा कि, वोट अवश्य कीजिए लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व है प्रदेश में शत-प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वयं सहायता समूह के बहनों, स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों तथा विभिन्न क्षेत्रों में निवासरत स्थानीय निवासियों को मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कला जत्था के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। साथ ही मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में नागरिकों को लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में अनमोल फाउंडेशन के डायरेक्टर संजय शर्मा, बी बेम्बू फाउंडेशन के फाउंडर मोहन वर्ल्यानी, सुरेश शुक्ला, हेजल जोसफ, राजेश गोयल, पर्ल वेलफेयर फाउंडेशन, सपना घरेलू कामगार महिला संगठन आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

- स्पर्श संस्था ने एक-एक वोट के महत्व से नागरिकों को कराया अवगत

# महादेव सट्टा संचालित करने वाले अब तक सक्रिय लाइन लेकर आईपीएल में दांव लगवाते आठ गिरफ्तार

## पांच आरोपियों को पुलिस ने कोलकाता से किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

क्राइम ब्रांच तथा गंज थाने की पुलिस ने स्टेशन रोड में पकड़े गए सटोरियों की निशानदेही पर पश्चिम बंगाल सहित रायपुर में आठ सटोरियों को आईपीएल क्रिकेट में सट्टा संचालन करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक महादेव एप को लेकर की जा रही कार्रवाई से डरकर समता कालोनी में रहने वाला सट्टा संचालित करने वाला मास्टर माइंड मोहित सोमानी ने अपने साथ जुड़े लोगों को पश्चिम बंगाल में किराए के मकान लेकर दिया था, जहां से वो सट्टा संचालित करने का काम कर रहे थे। मामले का खुलासा करते हुए एएसपी क्राइम संदीप मित्तल तथा डीएसपी क्राइम संजय सिंह ने बताया है कि सट्टा संचालित करने के आरोप में आजाद चौक निवासी प्रकाश वाधवानी, राजस्थान सीकर निवासी जयप्रकाश जोशी उर्फ जेपी, मध्यप्रदेश, जबलपुर निवासी प्रफुल्ल मार्टिन, फैलिक्स मारियान, आशीष हैरी, बिहार वैशाली निवासी रेशू कुमार उर्फ गोलू, बलौदाबाजार निवासी सोहन सेन उर्फ रॉकी पिता तथा आजाद चौक निवासी किशन सबनानी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने तीन दर्जन मोबाइल फोन के साथ लैपटॉप जब्त किया है। इसके अलावा दो दर्जन बैंक अकाउंट के पासबुक, एटीएम जब्त किया है।

### माना, स्टेशन रोड में पकड़े गए सटोरियों से लिंक मिला

पुलिस के अनुसार पूर्व में स्टेशन रोड स्थित सत्कार गली तथा माना में आईपीएल क्रिकेट सट्टा संचालित करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में उन लोगों ने मोहित सोमानी के माध्यम से सट्टा संचालित करने की जानकारी पुलिस को दी थी। इसके साथ ही मोहित और उसके साथियों द्वारा कोलकाता के 24 परगना में किराए का मकान लेकर सट्टा संचालित करने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस की टीम कोलकाता रवाना की गई। सटोरिए 24 परगना के जिस मकान से गिरफ्तार किए गए, वहां सटोरिये ऑनलाइन क्रिकेट संचालित करते पकड़े गए हैं।

# 39 किलो गांजा और साढ़े चार हजार प्रतिबंधित टेबलेट के साथ चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गंज तथा आरंग पुलिस ने निजात अभियान के तहत दो अलग-अलग मामलों में चार अंतर्राज्यीय तस्करों के कब्जे से साढ़े चार लाख रुपए से ज्यादा कीमत का 39 किलो गांजा के साथ चार हजार 600 सौ प्रतिबंधित नशीला टेबलेट जब्त किया है। पुलिस ने दोनों कार्रवाई मुखबिर की सूचना के आधार पर की है।

पुलिस के मुताबिक गांजा तस्करी करने के आरोप में उत्तरप्रदेश, आगरा निवासी विष्णु तोमर, ओडिशा, केंद्रपाड़ा निवासी अभिमन्यु बेहरा तथा पंजाब लुधियाना निवासी अरुण मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी रेलवे स्टेशन के गेट नंबर दो के पास से पकड़े गए हैं। पुलिस गिरफ्त में आए गांजा तस्कर ओडिशा से गांजा तस्करी कर लाए थे और गांजा को किसी दूसरी ट्रेन के माध्यम से तस्करी कर ले जाने की फिराक में थे। इसी तरह से आरंग पुलिस ने झारखंड, पलामू निवासी कुणाल कुमार वर्मा को प्रतिबंधित टेबलेट निट्रोसम के साथ गिरफ्तार किया है। कुणाल महासमुंद के रास्ते दोपहिया से प्रतिबंधित नशीला टेबलेट रायपुर की तरफ ला रहा था, इसी दौरान पुलिस ने टोल प्लाजा के पास कुणाल को रोक कर उसकी दोपहिया की जांच की, तो डिक्की में प्रतिबंधित टेबलेट मिला।





## हनुमान जयंती पर उमड़े श्रद्धालु, भंडारे में लिया प्रसाद



रायपुर। बूढ़ेश्वर चौक स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में मंगलवार को हनुमानजी का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में दूध अभिषेक पंडितों द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ किया गया और जन्म उत्सव आरती भी की गई। इसके बाद भगवान का भोग आरती कर ब्राह्मण भोज कराया गया। इसी दौरान महाभंडारे का आयोजन मंदिर प्रांगण में शुरू हुआ। इसमें समस्त भक्तों ने अधिक से अधिक संख्या में आकर प्रभु हनुमानजी का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के महंत राजेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ मंत्री एवं भाजपा रायपुर लोकसभा के सांसद प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल प्रभु हनुमानजी का आशीर्वाद लेने पहुंचे।

**महादेव ऐप से जुड़े होने का संदेह, पुलिस जांच में जुटी**

# शेयर मार्केट के नाम पर 4.43 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्रेडिंग के नाम पर ठगी के मामले में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने धारा 420, 34 के तहत कार्रवाई की है।भट्ठी पुलिस ने बताया कि सेक्टर 4 सड़क 10 क्वाटर नंबर 10 डी निवासी रंजीता कौर ने शिकायत किया है कि हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी अमित हलधर और केवल देवांगन नामक युवकों ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग करने के नाम पर 4 लाख 43 लाख 801 रुपए लिया है।पीड़िता के पति विजय सिंह से जान पहचान बनाकर रकम इंवेस्ट करने पर अधिक लाभ मिलने का झांसा दिया था। समय बीतने के बाद भी आज तक लाभांस नहीं दिया गया।अमित हलधर और केवल देवांगन महादेव सट्टे का पैनल ऑपरेट करने का आरोप भी इन पर है। अमित हलधर सुर्योदय स्माल फायनेंस बैंक जो निहाल ट्रेडर्स के नाम था। जिसका क्यूआर कोर्ड साथ ही इक्वीस स्माल फायनेंस बैंक सागर एमपी के बैंक खाते का नंबर पति के व्टासअप में भेजा था। रुपए नहीं होने पर उधारी लेकर दोनों युवकों रुपए दिया गया था।

### फर्जी खाता मामले में आरोपी गिरफ्त में

सुपेला पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर बिश्रामपुर से आरोपी मनीष समद्दार निजी बैंक में एएलओ के पद पर कार्यरत था। वर्ष 2022 में उसके द्वारा बैंक में फर्जी खाता खोलकर लाखों रुपये की ठगी की गई थी। पुलिस को इसमें पूरा गिरोह शामिल होने का अंदेशा था। पुलिस ने मनीष समेत अन्य के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी रही। दो साल से पुलिस को मनीष समद्दार की तलाश थी। आरोपी मनीष के मोबाइल का लोकेशन सरगुजा क्षेत्र के बिश्रामपुर में मिला। मंगलवार को सुपेला थाने की रवाना हुई और कालीघाट से मनीष समद्दार को गिरफ्तार किया।

### आरोपी जल्द गिरफ्त में होंगे

ठगी के मामले में महिला की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस इस ठगी के मामले को हर एंगल में जांच कर इससे जुडे आरोपियों को जल्द गिरफ्तारी करेगी। शिकायत में शेयर मार्केट के नाम पर ठगी का मामला है।

**विपिन रंगारी,** टीआई भट्टी थाना

# चाचा भतीजे के मकान का ताला टूटा नकदी समेत लाखों का सामान पार

**भिलाई।** चाचा भतीजे के दो मकानों में अज्ञात ने धावा बोलकर लाखो रुपए का जेवरात समेत अन्य सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने दोनों चोरी के मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 380, 454 के तहत जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि मकान नंबर 1104 सडक 22 शांति नगर निवासी संजय शर्मा 19 अप्रैल को पारिवारिक काम से दिल्ली गए हुए थे। 23 अप्रैल को दिल्ली से वापस लौटे। मकान के सामने का दरवाजे का ताला टूटा पड़ा मिला। मकान के भीतर प्रवेश करते ही सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। तीनों आलमारियां खुली पड़ी थी ,आलमारी से दो लाख रुपए नगद और सोना चांदी के जेवरात गायब मिले। दूसरी घटना पावस कुमार शर्मा के मकान में हुई है। संजय और पावस आपस में चाचा भतीजे है। दोनों का मकान एक साथ है। पावस कुमार गुंडरहेही से रोज आना जाना करता है। 22 अप्रैल को पड़ोसियों ने उसे बताया कि मकान का ताला टूटा हुआ है। सूचना पर पावस तुरंत अपने मकान पहुचे। मकान से अज्ञात चोरों ने 10 हजार रुपए नगदी और जेवरात लेकर फरार हो गए।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नवागढ़ जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र. क्र. /अ-2 वर्ष 2023-24

आवेदक रेशमलाल पिता अमरदास निवासी ग्राम खैरा, तहसील नांदघाट, जिला बेमेतरा (छ.ग.) ने ग्राम खैरा प.ह.नं. 19 तहसील नांदघाट जिला बेमेतरा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 340 रकबा 0.10 हे. को आवासीय सह व्यावसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति पेश करना हो तो अपनी आपत्ति दिनांक 09.05.2024 तक/पूर्व न्यायालय में पेश कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 15.04.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नवागढ़ जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** लोकसभा चुनाव को लेकर शराब के अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ पुलिस अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई कर रही है। कुम्हारी थाना क्षेत्र से शराब का कारोबार करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से पुलिस ने 90 पौवा शराब जब्त किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि वार्ड 16 ग्राम परसदा कुम्हारी निवासी का मोहन ठाकुर के द्वार अवैध शराब बेचने ग्राहक की तलाश कर रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी मोहन ठाकुर को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने सफेद प्लास्टिक बोरी में 90 पौवा शराब जब्त किया। जिसकी कीमत 10 हजार 800 रूपये और चाकू बरामद किया। आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट व आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई।

### ट्रेनी सीएसपी के मकान में चोरी, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** ट्रेनी सीएसपी के मकान में चोरी करने का मामला सामने आया है। मामले में पदमनाभपुर पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक ट्रेनी सीएसपी आईपीएस चिराग जैन को बंगला नंबर एफ 1 कसारीडीह सिविल लाइन दुर्ग में एलाट हुआ है। उनके शिफ्ट होने से पहले बंगले में रंग रोगन से लेकर बिजली व्यवस्था तक अपडेट कराने का काम चल रहा था। 4 अप्रैल को बिजली का काम कर रहे इलेक्ट्रीशियन अजय साहू काम खत्म कर बचे सामान को बंगले में रख अपने घर निकल गया। 5 अप्रैल को अज्ञात ने ट्रेनी आईपीएस चिराग जैन के बंगले में धावा बोलकर 43 हजार 800 रुपए का सामान पार कर दिया। अफसर के बंगले से चोरी की खबर लगने पर पुलिस कर्मियों के हाथ पांव फुलने लगा। बंगले से चोर ने 15 बंडल केबल और मशीन चोरी कर फरार हुए थे पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर जिनके पास केबल को बेचा था उस कबाड़ी तक पुलिस पहुची और कबाड़ी के पास से जला हुआ केबल बरामद किया। बताया जा रहा है कि कबाड़ी ने इलेक्ट्रीशियन अजय साहू को नया केबल लाकर बंगले में दिया। उसके बाद काम शुरु हो पाया।

### भाजयुमो नेता ने लगाई फांसी

**भिलाई।** भाजयुमो नेता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना नंदिनी थाना क्षेत्र की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि अहिवारा स्थित बीएसपी मकान में शिव कुमार वर्मा परिवार के साथ रहता था। मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना के समय मृतक की पत्नी और बच्चे शादी में शामिल होने गए हुए थे। शिव कुमार घर पर अकेला था। घटनास्थल से पुलिस को एक सुसायडल नोट भी मिला है। जिसमें आत्महत्या अपनी मर्जी से करना उल्लेख है। शादी में शामिल होने के बाद परिवार जब अपने मकान में लौटे तो शिव कुमार वर्मा की लाश फांसी पर लटकी मिली।









**चुनाव : जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के 10-10 मतदान केन्द्रों में महिला कर्मचारी**

# संगवारी मतदान केंद्रों की जिम्मेदारी मिलने पर महिलाकर्मियों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में पुरुष, युवा एवं दिव्यांग मतदाता कर्मियों के साथ–साथ जिले के महिला मतदान कर्मी भी निर्वाचन के राष्ट्रीय कार्य में महत्वपूर्ण सहभागिता निभा रही हैं। संगवारी मतदान केन्द्रों के संचालन की जिम्मेदारी मिलने पर जिले के महिला मतदान कर्मी बहुत ही प्रसन्नचित एवं उत्साहित हैं।

संगवारी मतदान केन्द्र के पीठासीन अधिकारी एवं विकासखण्ड गुण्डरदेही के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरकापार के व्याख्याता कमला साव ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा संगवारी मतदान केन्द्रों की संचालन की जिम्मेदारी शत प्रतिशत हम महिला मतदान कर्मियों को प्रदान करने से हम सभी महिला मतदान कर्मियों में आत्मविश्वास का भी संचार हुआ है। वे इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कर इस कार्य में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करेंगी। इसी तरह संगवारी मतदान केन्द्र के मतदान अधिकार क्रमांक 02 एवं विकासखण्ड गुण्डरदेही के प्राथमिक शाला सतमरा के शिक्षिका चमेली साहू ने कहा कि हम सभी महिला मतदान कर्मियों के लिए गर्व का विषय है कि संगवारी मतदान कर्मी के रूप में मतदान केन्द्र के संचालन की जिम्मेदारी शत





प्रतिशत हम महिला मतदान कर्मियों को दी गई है। संगवारी मतदान केन्द्र के मतदान अधिकारी एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के पूर्व माध्यमिक शाला खुरसुनी के शिक्षिका कंचन कुर्रे ने कहा कि मैं बहुत ही सौभाग्यशाली हूँ कि मुझे संगवारी मतदान केन्द्रों के संचालन के लिए चयनित किया गया है। वे अपने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन पूरे मनोयोग से कर निर्वाचन के इस राष्ट्रीय कार्य में सहभागिता सुनिश्चित करेंगी। इसी तरह लीना देवांगन, कल्याणी साहू सहित अन्य मतदान कर्मी भी संगवारी मतदान केन्द्र की जिम्मेदारी मिलने से उत्साहित नजर आ रहे थे।



## मतदान केंद्रों में छत्तीसगढ़ी संस्कृति व परंपराओं की झलक

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण के अंतर्गत बालोद जिले में शुक्रवार 26 अप्रैल को होने वाले मतदान को संपन्न कराने हेतु सामग्री वितरण केन्द्र पाकुरभाट से सुबह प्रस्थान करने वाले जिले के सभी मतदान कर्मी एवं सुरक्षा में तैनात अधिकारी–कर्मचारी अपने–अपने मतदान केन्द्रों में सकुशल पहुँच चुके हैं। प्रत्येक विकासखण्ड मे चुनिंदा मतदान केन्द्रों को विभिन्न थीम के आधार पर आकर्शक रूप से मॉडल बनाया गया है। इनमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा, लोक कला जैसे अन्य मॉडल को प्रदर्शित किया गया है। जिला प्रशासन ने जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में शत-प्रतिशत मतदान के लिए काफी प्रयास किया। वहीं, मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए मतदान केन्द्रों को भी सर्वसुविधा युक्त एवं आकर्षक रूप देने का प्रयास किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि मतदान केन्द्रों में मतदान अधिकारियों के पहुँचने पर मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा उनका आत्मीय स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दी गई। इसके अंतर्गत जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के प्राथमिक शाला सिवनी के आदर्श केन्द्र क्रमांक 113 को बिहाव परब के थीम पर सजाया गया है। इसी तरह जिले के आदिवासी बाहुल्य डौण्डी विकासखण्ड के मतदान केन्द्रों को भी आदिवासी संस्कृति को परिलक्षित करते हुए सजाया–संवारा गया है। इसके अलावा जिले के अनेक मतदान केन्द्रों में छत्तीसगढ़ी एवं ग्रामीण संस्कृति के अनुरूप आकर्षक साज–सज्जा की गई है।

**अंचल के ग्रामीणों से की मुलाकात, भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की**

## भाजपा उम्मीदवार विजय की जीत के लिए उनकी पत्नी रजनी ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग लोकसभा से सांसद प्रत्याशी विजय बघेल की धर्मपत्नी रजनी बघेल ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा, खोपली, मचांदुर सहित आसपास के गांवों में ग्रामीणों से मुलाकात कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

इस दौरान उन्होंने महिलाओं को महतारी वंदन योजना के लाभ और महिला सशक्तिकरण के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान दुर्ग जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या



साहू ने कहा कि देश को मजबूती से आगे बढ़ाने वाले श्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा को जिताने का आग्रह किया। वहीं, दुर्ग जिला भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री अजीत चंद्राकर ने भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए एक बार फिर भाजपा को वोट देने की अपील की। इस दौरान रजनी बघेल के साथ दुर्ग जिला भाजपा महामंत्री किसान मोर्चा अजीत चंद्राकर भाजपा मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, मंडल महामंत्री पुकेश चंद्राकर, दुर्ग जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या साहू, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा शीतला ठाकुर, सरपंच खोपली मंजू वर्मा, पानी पंचायत अध्यक्ष तिलक चंद्राकर, युवा मोर्चा हेमेंद्र चौहान, अजय चौहान, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष लोकेश देवांगन, यशवंत बंजारे गोपाल साहू सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

## अग्निवीर प्रशिक्षण के लिए रवाना ग्रामीणों ने युवक को दी विदाई

**गुण्डरदेही।** जब बात देशभक्ति की हो तो स्वाभाविक रूप से उत्साह उमंग का जज्बा देखने को मिलता है। अग्नि वीर थलसेना में भर्ती होने पर सौरभ कुमार साहू को प्रशिक्षण के लिए हैदराबाद जाने पर ग्राम हिरु खपरी में परिजन एवं ग्राम प्रमुखों ने तिलक लगाकर आरती उतारी और फूल माला पहनाकर मिठाई खिलाकर विदा किया।

सौरभ कुमार साहू की मां देवकी साहू, दादी फेकन बाई, हुमन बाई, पवन बाई, थलेश साहू, दीगेश्वरी एवं ग्राम सरपंच ओमप्रकाश साहू, ग्राम पटेल वीरेंद्र कुमार सोनी, ग्रामीण



अध्यक्ष रेखराम साहू, पुरानिक राम साहू, उमाशंकर कश्यप, मनीष कुमार कश्यप, राज साहू के साथ सामाजिक कार्यकर्ता केशव राम साहू ने देश सेवा के लिए समर्पित होने पर हर्ष व्यक्त किया।

## वर-वधुओं के साथ अतिथियों ने भी ली मतदान की शपथ

**डौंडीलोहारा।** जिले के 209 स्थानों पर आयोजित स्थानीय विवाह समारोह में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने वर-वधुओं एवं परिजनों को लोकसभा चुनाव के दौरान 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि ब्लॉक के ग्राम टटेंगा हल्दी में विवाह की रस्म के दौरान वर-वधु के साथ-साथ समारोह में उपस्थित मेहमानों ने भी अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। इसी तरह विकासखण्ड के ग्राम अछोली में भी अधिकारी-कर्मचारियों ने विवाह मण्डप में पहुँचकर वर-वधू सहित उनके परिजनों एवं उपस्थित लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।



## फूड प्वाइजनिंग से मरने वाले मवेशियों की संख्या बढ़कर 4 हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

▪ जिले के ग्राम हीरापुर का मामला

जिले के ग्राम हीरापुर में फूड प्वाइजनिंग के कारण मवेशियों की मौत का आंकड़ा बढ़कर चार हो गया है। वहीं, अभी भी कई मवेशी फूड प्वाइजनिंग की चपेट में आने के कारण बीमार हैं, जिनका इलाज पशु चिकित्सा विभाग द्वारा किया जा रहा है। जिले में शादी ब्याह का सीजन चल रहा है, जिसमें आयोजित भोज में भोजन के बचने पर मजबूरन खाद्य सामाग्रियों को फेंकना पड़ जाता है। वहीं, कई



लोग मवेशियों को खिला देते हैं। लेकिन अब बड़े सार्वजनिक सामूहिक आयोजनों के साथ ही शादी ब्याह, सगाई, छट्ठी, जन्मदिन, सालगिरह के अवसर पर बनने वाले खानों पर ध्यान देना पड़ेगा और जरूरतों को ध्यान में रखकर ही भोजन बनाने की जरूरत है। वहीं, ज्यादा भोजन बचने पर बचे खाने को खुले में फेकने के बजाय कुछ दूसरे विकल्प पर विचार करना होगा, ताकि मवेशियों को फूड प्वाइजनिंग या अपच से बचाया जा सकता है।

### डिस्पोजल पत्तल भी साबित हो रहे मवेशियों के लिए खतरा

डिस्पोजल और प्लास्टिक युक्त पत्तल के उपयोग पर भी नियंत्रण की जरूरत है। अधिकांश लोगों द्वारा शादी ब्याह जैसे विभिन्न आयोजनों में प्लास्टिक युक्त पत्तल का उपयोग बहुत ज्यादा स्तर पर किया जा रहा है। उपयोग के बाद उन्हें खुले में फेंका जा रहा है, मवेशियों खाने के लालच में उन्हें भी खा जाते हैं। इनमें थर्माकोल, प्लास्टिक युक्त झिल्ली भी शामिल रहते हैं, जो मवेशियों के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक साबित हो रहे हैं।

**प्राचार्य ने विद्यार्थियों को अपनी दिनचर्या व्यवस्थित करने के लिए किया प्रेरित**

## सशिमं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में गुरुवार को स्थानीय परीक्षाओं के परिणाम अतिथियों, पालकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति में घोषित किया गया।

कार्यक्रम में साहू समाज तहसील उपाध्यक्ष डा गुलाब साहू, परिक्षेत्र साहू समाज पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, शिक्षक झामन सोनवानी, लक्ष्मीनारायण महिपाल, प्राचार्य पीएल बारले, प्रधानाचार्य पवन बंछोर मंचासीन रहे। क्लास में प्रथम द्वितीय स्थान पर प्रतिभा अंक प्राप्त करने वाले बच्चों ने मार्कशीट के साथ विक्ट्री साइन दिखाकर सफलता का इजहार किया। पालकों में भूषण साहू, पप्पू निर्मल, सूर्यकांत, रामशंकर साहू, मनीष चंद्राकर,





डोमनलाल धीवर, मेघनाथ, भुनेश्वरी, डोंगरे विशेष रूप से उपस्थित थे।

तहसील उपाध्यक्ष डॉ गुलाब साहू ने कहा कि जीवन अच्छे परिणाम के लिए प्रथम गुरु मां, आधार स्तंभ गुरु पिता और ज्ञान दाता गुरु की बातों को शिरोधार्य कर लगन मेहनत पूर्ण रुचि के साथ कार्य को दिशा देने के लिए बच्चों को प्रेरित किया।

इसी तरह प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि जीवन यू ही नहीं संवरती है संवारने वालों को इज्जत देना सीखें। उन्होंने कहा कि घर और स्कूल में जो विद्यार्थी अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखते हैं, उनका परिणाम भी अच्छा आता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिनके परिणाम अभी अच्छा नहीं आ पाया है, वे अपने अच्छे परिणाम वाले साथी का संगत करें और अपनी कमियों को दूर कर होनहार बनें। उन्होंने कहा कि जब अच्छे संगत से शैतान भी साधु बन जाते हैं, तो कमजोर भी होशियार बन सकता है। शिक्षा विद झामन सोनवानी, समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, लक्ष्मी नारायण महिपाल ने भी बच्चों को संस्कारित शिक्षा के लिए प्रेरित किया।

### इन बच्चों ने मारी बाजी

विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में कक्षा अरुण सेजल, विधा 98 प्रतिशत, कनक उदय 99.6 प्रतिशत, कक्षा प्रथम यशिका, पुष्कर 96.5 प्रतिशत, कक्षा द्वितीय में रितिका 95 प्रतिशत, कक्षा तृतीय में अर्णव 82. 5 प्रतिशत, कक्षा चतुर्थ में जानवी बंछोर, कक्षा पंचम में आयुष धीवर, कक्षा षष्ठ में मोनिका 70.5 प्रतिशत, कक्षा सप्तम तन्नू साहू 88. 5 प्रतिशत, कक्षा अष्टम में चंचल 80 प्रतिशत, कक्षा नवम में माधवी 94 प्रतिशत, कक्षा एकादश में टाकेश्वर साहू 69.4 प्रतिशत शामिल रहे। वहीं, जागृति वंशिका इशिका में पारस सुशांत, धनुष, रुद्र, दिक्छा, तानिया, हर्षिता, झील, गीतांजलि अपनी-अपनी कक्षा में द्वितीय रहे।

